**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 16- (क) क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में अभी भी कोरोना संक्रमण से लोग ग्रसित हो रहे हैं? | जी हाँ। |
| (ख) क्या कोरोना से संक्रमित मरीजों में ऐसे मरीज भी हैं, जिनकों कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए दी जाने वाली वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी थी? | जी हाँ। |
| (ग) यदि हाँ, तो जनपद-गोरखपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 28 जून, 2022 तक मिले कोरोना मरीजों का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी हाँ, मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर के पत्र दिनांक 26-08-2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 28-06-2022 तक कुल 1918 व्यक्ति कोरोना संक्रमण के बचाव के लिये दी जाने वाली वैक्सीन की दोनों डोज़ लगने के उपरान्त कोविड-19 रोग से संक्रमित हुये। |
| (घ) कोरोना संक्रमण को रोके जाने के लिए वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों के विवरण से भी सदन को अवगत करायेंगे? | जी हाँ, कोविड-19 रोग के नियंत्रण, रोग से बचाव एवं उपचार हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जाती है:- |

**<u>सर्विलांस:-</u>**

1-कोविड धनात्मक पाये गये व्यक्तियों को उनकी स्थिति के अनुसार होम आइसोलेशन/क्वारेन्टाईन सेन्टर अथवा उपचार हेतु चिकित्सालय में सन्दर्भित किया जाता है।

2-धनात्मक पाये गये व्यक्तियों के नमूने ओमीक्रान वैरिएंट की जांच हेतु जीनोम सिक्वेन्सिंग परीक्षण प्रयोगशालाओं को भेजे जाते हैं।

3-धनात्मक पाये गये व्यक्तियों की आई0सी0सी0 एवं जनपद स्तरीय आर0आर0टी0 के माध्यम से कान्ट्रैक्ट ट्रेसिंग का कार्य किया जाता है।

**<u>प्रयोगशाला परीक्षण</u>:-**

1-प्रदेश के समस्त जनपदों में चिकित्सा शिक्षा

एवं प्रशिक्षण के अन्तर्गत संचालित मेडिकल कालेज एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, केन्द्र सरकार के अधीन तथा सैन्य सेवा के अन्तर्गत कुल 94 आर0टी0पी0सी0आर0 प्रयोगशालाओं में कोविड-19 जांच की व्यवस्था स्थापित की गई है।

2-साथ ही प्रदेश के समस्त जनपदों में ट्रूनाट विधि से एवं प्रदेश के 24 चिकित्सालयों में सी0बी0 नाट विधि द्वारा कोविड-19 की जांच की व्यवस्था है।

3-उपरोक्त के अतिरिक्त प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड-19 रोग की त्वरित जांच किये जाने हेतु एण्टीजेन टेस्ट की पूर्ण व्यवस्था है।

**उपचार:-**

1-प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कोविड रोगियों के उपचार हेतु वेंटिलेटर युक्त बेड की सुविधा उपलब्ध है।

2-कोविड-19 रोगियों के उपचार की उपलब्धता एवं व्यवस्था की क्रियाशीलता हेतु समय-समय पर मॉकड्रिल के माध्यम से अनुश्रवण किया जाता है।

3-कोविड-19 रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक औषधियां एवं अन्य लॉजिस्टिक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्य मंत्री,
उत्तर प्रदेश।